**खास-खबरें**

## कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 37 आवेदकों की समस्याएं सुनीं




**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 37 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को समाय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए । जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने , प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

## शास. विद्यालयों में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

**सीहोर।** शासकीय विद्यालयों की कक्षाओं में विद्युत व्यवस्था के संबंध में मिलने वाली शिकायतों को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये है। निर्देशों मे कहा गया है कि सर्दी में ठंडी हवा से बचाव के लिये खिड़कियों को बंद करने पर कक्षाओं में पर्याप्त प्रकाश की आवश्यकता बढ़ जाती है। प्रकाश के अभाव में विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसमें सुधार के लिये कक्षाओं में आवश्यक प्रकाश की व्यवस्था की जायें। प्रत्येक कक्षा में कम से कम 4 एलईडी ट्यूबलाईट की व्यवस्था की जाएं। प्रकाश व्यवस्था के लिये 7 हजार 125 हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में प्रति विद्यालय के मान से 20 हजार रूपये की राशि सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराई गई है। शाला प्रभारियों को प्रकाश व्यवस्था के साथ बिजली के स्विच बोर्ड और आंतरिक विद्युतीकरण व्यवस्था अन्तर्गत तार की मरम्मत के लिये भी कहा गया है। ऐसे शासकीय विद्यालयों में जहाँ विद्युतीकरण नहीं है, वहां प्राक्लन प्राप्त कर स्वीकृति के लिये भेजे जाएं।

## जनसुनवाई में 155 आवेदन आए

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के समक्ष जनसुनवाई में 155 आवेदको द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से मौके पर 80 आवेदनो का निराकरण किया गया।

# देवास के विकास नगर में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़, हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन



**देवास।**

**विकास नगर चौराहा स्थित धार्मिक स्थल पर सोमवार की रात को असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी, जिसमें माता की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश देखने को मिला।**

सूचना मिलने के बाद मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी मिलने के बाद एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात औद्योगित थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदौर रोड स्थित विकास नगर चौराहा पर कालिका माता मंदिर और भैरव के मंदिर को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार सुबह जानकारी मिलने पर स्थानीय पार्षद अजय तोमर सहित कई लोगों की भीड़ जमा हो गई। क्षेत्रीय पार्षद अजय तोमर ने बताया कि यह काफी वर्षों पुराना मंदिर है। यहां पर सोमवार की रात सामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की है। हमारी मांग है कि 24 घंटे में आरोपी को पकड़ा जाए। नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी।

थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

इधर, जानकारी मिलने पर देवास-शाजापुर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मुझे सूचना प्राप्त हुई थी विकास नगर क्षेत्र में जो कालिका माता का मंदिर था, उसे किसी असामाजिक तत्व ने तोड़ दिया है। सूचना पर तुरंत यहां पर आया, मैने मंदिर के दर्शन किए। मैने पाया कि वास्तव में जिस स्वरुप में मंदिर था, उस स्वरुप में वह नहीं है। पुलिस यहां पर मौजूद थी। उन्हें हिदायत दी है कि जल्द से जल्द यह पता करें कि किस विधर्मी ने मंदिर को नुकसान पहुंचाया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से भी चर्चा करूंगा और जो भी संबंधित व्यक्ति होगा। इससे हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी ऐसा सभी को आश्वासन देता हूं।

## चालू पॉवर ट्रॉसफार्मर से संवेदनशील कॉपर स्ट्रिप चोरी के प्रयास को आउटसोर्सकर्मियों ने किया नाकाम



**विदिशा (निप्र)।**

एम.पी. ट्रॉसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रॉसमिशन कंपनी) के विदिशा जिले में स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन शमशाबाद के चालू पावर ट्रांसफार्मर्स से तांबे की अर्थिंग पट्टी (कॉपर स्ट्रिप) को चोरी करने के प्रयास को सबस्टेशन के आउटसोर्स ऑपरेटर धीरेन्द्र राठौर, निरंजन विश्वकर्मा एवं सुरक्षा सैनिक दीपक पॉल ने अपने साहस, सूझबूझ और कर्तव्य निष्ठा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए असफल कर दिया, जिससे रबी के इस सीजन में शमशाबाद, बैरसिया, सिरोंज क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लंबे समय तक प्रभावित होने की आंशका को टाला जा सका।

विगत दिवस 132 के.व्ही. सबस्टेशन शमशाबाद में क्रियाशील दो पॉवर ट्रॉसफार्मरों में से सशस्त्र चोरों द्वारा बहूमूल्य एवं सबस्टेशन की सबसे संवेदनशील तांबे की पट्टियां चोरी किए जाने का प्रयास किया जा रहा था। चोर यार्ड फेसिंग काटकर ट्रॉसफार्मर तक पहुँच गये थे। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा सैनिक दीपक पॉल को गश्त के दौरान जैसे ही इसकी भनक लगी उन्होंने आउटसोर्स ऑपरेटर धीरेन्द्र राठौर एवं निरंजन विश्वकर्मा के साथ मिलकर तीनो ने चोरों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भाग गये। समय पर सचेत और सजग रहने के कारण चोरी का यह बड़ा प्रयास टाला जा सका।

यदि चोर अपने मकसद में सफल हो जाते तो जहां मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को 4-5 करोड़ रूपये का आर्थिक क्षति पहुंचती वहीं क्षेत्र में ऐन वक्त रबी के सीजन में किसानों और विद्युत उपभोक्ताओं को हफ्तों बिजली आपूर्ति प्रभावित हो जाती, क्योंकि हर ट्रॉसफार्मर विशेष आर्डर के हिसाब से ही बनाये जाते हैं, जिनके आने, नया ट्रॉसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत करने में कम से कम 3 से 4 माह का समय भी लग सकता है।

**कर्मियों को किया गया पुरस्कृत:** सबस्टेशन के इन आउटसोर्स कर्मियों द्वारा दिखाई गई सूझबूझ और बहादूरी के लिये एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता एम.पी. पटेल एवं कार्यपालन अभियंता संजय श्रीवास्तव द्वारा 132 केव्ही सबस्टेशन बैरसिया एवं रूनाहा तथा 220 केव्ही सबस्टेशन विदिशा के समस्त कर्मचारियों की उपस्थितियों में उन्हें सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया।

## नपाध्यक्ष राठौर की पहल-आज मनाया जाएगा गो पूजा दिवस

**सीहोर।**



**बुधवार को नगर पालिका परिसर में गो पूजा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में सभी पार्षद और नगर पालिका अमला गौ पूजन करेगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने नगर पालिका कार्यालय में बने निशुल्क सहायता केन्द्र पहुंचे थे और करीब एक घंटे तक विभिन्न वार्डों से आए लोगों की समस्याओं का निराकरण किया।**

उन्होंने बताया कि सहायता केन्द्र का निर्माण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और प्रभावी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में तथा उनसे जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु सत्त प्रयत्नशील है। इस दौरान उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह साढ़े दस बजे नगर पालिका के हाल में सम्मान के साथ गो पूजा दिवस का शुभारंभ किया जाएगा। नगर पालिका के द्वारा एक जनवरी को नवाचार के रूप में गौ सेवा के साथ गो सेवा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर गो माता की पूजा के अलावा चारे का इंतजाम भी किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से एक जनवरी को दिवस मनाए जाने की अपील के साथ गौर सेवा करने की प्रार्थना की है।

## शिविर में ग्रामीणों और स्वयंसेवकों की आंखों की जांच की

**गंजबासौदा।**

**श्री जवाहर लाल नेहरु बी.एड. कालेज में स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की एन.एस.एस. बालक-बालिका इकाई के सात दिवसीय शिविर में ग्राम स्वरूप नगर, बैतोली और जीवाजीपुर के ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों की आंखों की जांच के लिए विजन सेंटर मील रोड द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया।**

इस दौरान विजन सेंटर के चिकित्सक डॉ राजकरण वर्मा, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, हेमंत भंडारी एवं नेत्र सहायक दिनेश जी ने आंखों की जांचोपरांत आवश्यक सलाह दी। डॉ मणिमोहन मेहता ने कहा कि तनाव या टेंशन विदेश से होते हुए हमारी कंट्री में भी आ चुका है। तनाव का कारण समय का मैनेजमेंट का न होना है। यदि समय का मैनेजमेंट सीख लीजिए तो तनाव पूरी तरह गायबहो जाएगा। व्यक्ति का बायलाजिकल क्लाक होता है, उसके अनुसार जीना सीखें। तनावमुक्त होने के लिए अंदर की प्रतिभा,कला को मौका दें, हर पल रीफ्रेश होते रहना जरुरी है। आजीविका के साधन आवश्यक हैं लेकिन उसे प्रतिष्ठा का विषय न बनाएं। बच्चे यथार्थ में जिएं, हमेशा बी प्लान तैयार रखें। उन्होंने आज की ए .आई .तकनीक को अमीबा की तरह बताया। जिससे कई प्रचण्ड नुकसान सामने आने वाले हैं।

एस.जी.एस कालेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुमार ने कहा कि समय के अनुसार शिविर के बौद्धिक सत्र का ट्रेन्ड बदल गया है। पहले स्वयं सेवक विचार करते थे। उन्होंने एन. एस.एस. के इतिहास और उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आजाद भारत में नागरिक निर्माण, बेहतर नागरिक बनाने में एन.एस.एस और एन.सी.सी के महत्व को रेखांकित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना को 1969 से शुरू कर विचार पाठ्यक्रम तैयार किया गया और महात्मा गांधी के विचारों को योजना में शामिल किया। श्रम और स्वच्छता को महत्व दिया।

इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने भी स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वास्तव में शिविर के माध्यम से नागरिक निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने शिविर की गतिविधियों से अवगत कराया। शिविर का शुभारंभ ग्राम बैतोली में प्रभात फेरी निकालकर किया। स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान कर परियोजना कार्य किया।

बौद्धिक शिविर में स्वयंसेवकों तान्या शर्मा, शिखा लोधी, महिमा राजपूत, भूमि सेन, तनिष, कलश, सानिध्य, गुरु प्रताप, हरिओम, प्रियांशु सहित अन्य ने शिविर दर्पण एवं गीत गायन के माध्यम से गतिविधियों का क्रियान्वयन किया। नेत्र जांच शिविर में ग्रामीण महिला ,पुरुष, स्वयंसेवकों एवं बीएड कालेज के छात्र छात्राओं की आंखों की जांच की। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, प्रियंका अग्रवाल, अनुज गुप्ता, गोविंद कुशवाह, गजेन्द्र सिंह दांगी, दिनकर कद्रे सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**रायसेन।**



**प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए।**

जिले की अन्य तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु कलेक्टर श्री दुबे द्वारा वीसी के माध्यम से संबंधित एसडीएम और अन्य अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया।

जनसुनवाई में आए बाड़ी तहसील के ग्राम विसेर निवासी श्री अनिल सिंह ने कलेक्टर श्री दुबे को आवेदन देते हुए बताया कि उसकी ग्राम देहरीकलां में कृषि भूमि है। जिसे उन्होंने कोली पर दी है। लेकिन विपिन, विक्की एवं रघुवीर सिंह निवासी विसेर और राघवेन्द्र सिंह निवासी घाटसेमरी द्वारा मुझे व मेरे कोलीदार को परेशान किया जा रहा है और कृषि कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। मुझे व परिवार को जान माल का खतरा भी बना हुआ है। आवेदक अनिल सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी भारकच्छ को भी आवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कलेक्टर श्री दुबे ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बरेली एसडीएम को अनिल सिंह के आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का समाधान कराते हुए अवगत कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार बाड़ी विकासखण्ड के ग्राम भारकच्छकलां से आई श्रीमती मालती बाई, फूलवती बाई, सुगंधी बाई सहित अन्य महिलाओं ने कलेक्टर श्री दुबे को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन देते हुए बताया कि वह सभी गरीब है और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती है। पात्र होने के बाद भी अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।

कलेक्टर श्री दुबे द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बाड़ी जनपद सीईओ से इस संबंध में जानकारी लेने पर जनपद सीईओ ने बताया कि भरकच्छकलां में अभी 375 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल गया है तथा 55 हितग्राहियों के नाम आवास प्लस सूची में शामिल किए गए हैं।

कलेक्टर श्री दुबे ने आवेदकों को बताया कि जिन पात्र ग्रामीणों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है, उनके नाम नवीन सूची में शामिल कर योजना का लाभ दिया जाएगा। कोई भी पात्र ग्रामीण योजना के लाभ से छूटेगा नहीं।

## गौशाला में गायों की पूजा अर्चन किया

**गंजबासौदा।** गिर्राज वेदांत गौ गोप सेवा परिवार द्वारा सोमवती अमावस्या पर वेदांत आश्रम में गौशाला पहुंचकर, गायों की पूजा अर्चन कर गुड़ के लड्डू खिलाएं, और सभी के लिए मंगल कामनाएं मांगी। सेवा परिवार द्वारा हर सोमवती अमावस्या पर गौशाला पहुंचकर, गायों को गुड और घास खिलाया। इसके पश्चात आश्रम में संस्कृत विद्यालय के बटुकों को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई, और धर्म लाभ लिया। गौ गोप सेवा परिवार की सक्रीय कार्य कर्ताओं ने बताया कि सेवा परिवार द्वारा विगत कई महीनों से यह क्रम नियमानुसार किया जा रहा है। समिति में लगभग 50 से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं जो निरंतर हर अमावस्या पर गोशाला पहुंचकर गौ सेवा कर धर्म लाभ लेते हैं।

## प्रतिबंध के बावजूद शहर में बेची जा रही चायना डोर, बच्चे का गला कटा

**शाजापुर। जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद शहर में पतंग व्यापारी घातक चायना डोर को बेचने से बाज नही आ रहे हैं। यही कारण कि शहर में चायना मांझे की जमकर खरीद-फरोख्त और उपयोग चल रहा है।**

नतीजतन बेरोक-टोक होकर बेची जा रही मौत की डोर के नाम से प्रसिद्ध चायना बरेली से शहर में लगातार हादसे भी हो रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी न तो व्यापारी और ना ही आमजन चायना डोर का इस्तेमाल बंद कर रहे हैं। चायना डोर की वजह से मंगलवार को ज्योति नगर निवासी मोहम्मद कैफ उम्र करीब 7 वर्ष का गला कटने से वह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चा जा रहा था तभी उसके गले में चायना डोर उलझी और वह घायल हो गया।

उल्लेखनीय है कि चायना डोर बेहद घातक है और इसके उपयोग करने पर हर साल दुष्प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। इस बार भी बेजुबान जानवरों के साथ ही मानव जीवन को भी चायना डोर से कोई नुकसान न हो इसको लेकर प्रशासन ने डोर के खरीदने और बेचने पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन न तो व्यापारी चायना डोर बेचने से बाज आ रहे हैं और न ही लोग इसे खरीदने से गुरेज कर रहे हैं। ऐसे में इस वर्ष भी चायना डोर से लोगों के घायल होने और पक्षियों के घायल होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इस डोर की वजह से पक्षियों के पंख कटने, वाहनों से निकलते वक्त लोगों का गला, नाक, कान कटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन की सख्ती नजर नही आ रही है।

**अब तक नही हुई कार्रवाई:** हर साल की तरह इस साल भी प्रशासन को चायना डोर से होने वाले नुकसान के लिए जगाना पड़ रहा है। यही वजह है कि प्रतिबंध के बावजूद शहर में अब तक चायना डोर की बिक्री को लेकर प्रशासन के द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नही की गई है, जिसकी वजह से चायना डोर का क्रय, विक्रय और उपयोग जारी है। मंगलवार को बालक का गला चायना डोर से कटा है। हालांकि गले में ज्यादा चोंट तो नही आई है, लेकिन बड़ा हादसा हो सकता था।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन 2 जनवरी को

**रायसेन।** जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आगामी 02 जनवरी 2025 में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय बांगरसिया में किया जाएगा। यह युवा उत्सव, रायसेन जिले के 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। जहां वे अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक एंव साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। जिला स्तरीय युवा उत्सव में समूह लोकनृत्य, कविता लेखन, भाषण, पेंटिंग, विज्ञान मेला, सामूहिक लोकगीत (गैर प्रतियोगी), कहानी लेखन (गैर प्रतियोगी) आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगीं। यह उत्सव रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय बांगरसिया में 02 जनवरी को प्रात: 10 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर स्पॉट एंट्री की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा इच्छुक प्रतिभागी आयोजन स्थल पर पंजीकरण कर इस उत्सव में भाग ले सकते हैं। यह उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और सांस्कृतिक व बौद्धिक विकास के अवसर प्रदान करेगा।

**स्पेशल खबर** पहला ग्रहण पूर्ण चंद्रग्रहण होगा- चार ग्रहण में से केवल तीसरा चंद्रग्रहण भारत में दिखाई देगा

# इस साल 2025 में लगेंगे दो सूर्य और दो चंद्रग्रहण

**उज्जैन।** नए साल 2025 में ग्रहण की चार महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाएं होगी। इनमें दो पूर्ण चंद्रग्रहण और दो आंशिक सूर्यग्रहण लगेंगे। इनमें से तीन ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देंगे। केवल तीसरा ग्रहण ही भारत में देखा जा सकेगा। नए साल का पहला ग्रहण पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। जो 14 मार्च 2025 को लगेगा। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि नए वर्ष 2025 में चार ग्रहण होंगे। जिसमें दो सूर्य ग्रहण तथा दो चन्द्रग्रहण होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष का प्रथम ग्रहण पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। यह ग्रहण 14 मार्च 2025 को भारतीय समय के अनुसार पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। जो 14 मार्च की सुबह 10 बजकर 39 मिनट और 3 सैकंड से आरंभ होगा। इसकी मध्य की स्थिति दोपहर 12 बजकर 29 मिनट, 9 सैकंड पर होगी। इस समय चन्द्रमा का 118.3 प्रतिशत भाग ढंका होगा। मोक्ष की स्थिति दोपहर 2 बजकर 18 मिनट, 2 सैकंड पर होगी। इस समय भारत में दिन होने के कारण यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। जबकि यह अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी अफ्रीका, उत्तरी-दक्षिणी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा।

**दूसरा ग्रहण होगा आंशिक सूर्य ग्रहण:** नए साल का दूसरा ग्रहण वर्ष का आंशिक सूर्यग्रहण होगा। यह ग्रहण 29 मार्च 2025 को लगेगा। भारतीय समय के अनुसार आंशिक सूर्यग्रहण का प्रारम्भ दोपहर 2 बजकर 20 मिनट और 8 सैकंड पर होगा। मध्य की स्थिति दोपहर 4 बजकर 17 मिनट और 4 सैकेंड पर होगी। इस समय सूर्य का 93.7 प्रतिशत भाग ढंका होगा। मोक्ष की स्थिति सायं 6 बजकर13 मिनट और 6 सैकंड पर होगी। यह ग्रहण भी भारत में दृश्य नहीं होगा। यह केवल उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड आइसलैंड उत्तरी अटलांटिक महासागर, सम्पूर्ण यूरोप व उत्तर-पश्चिम रसिया में दिखाई देगा।



**तीसरा ग्रहण होगा पूर्ण चंद्रग्रहण:** नए वर्ष का तीसरा चंद्रग्रहण पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। यह ग्रहण 7 व 8 सितम्बर 2025 को होगा। भारतीय समय के अनुसार पूर्ण चंद्रग्रहण का प्रारम्भ 7 सितम्बर की रात 9 बजकर 56 मिनट और 8 सैकेंड पर होगा। मध्य की स्थिति रात 11 बजकर 41 मिनच और 8 सैकेंड पर होगी। इस समय चन्द्रमा का 136.8 प्रतिशत भाग ढंका होगा। मोक्ष की स्थिति 8 सितम्बर की मध्य रात 1 बजकर 26 मिनट और 8 सैकेंड पर होगी। यह ग्रहण भारत के अलावा अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर आस्ट्रेलिया, एसिया, हिन्द महासागर, व, यूरोप में भी दिखाई देगा।

**आखरी ग्रहण आंशिक सूर्यग्रहण होगा:** उन्होंने बताया कि नए वर्ष का चौथा ग्रहण अंतिम ग्रहण होगा जो आंशिक सूर्यग्रहण होगा। यह ग्रहण 21 व 22 सितम्बर 2025 को लगेगा। भारतीय समय के अनुसार आंशिक सूर्यग्रहण का प्रारम्भ 21 सितम्बर की रात 10 बजकर 59 मिनट और 8 सैकेंड पर होगा। मध्य की स्थिति 22 सितम्बर की मध्यरात्रि 1 बजकर 11 मिनट और 9 सैकेंड पर होगी। इस समय सूर्य का 85.5 प्रतिशत भाग ढंका होगा। मोक्ष की स्थिति मध्यरात्रि 3 बजकर 23 मिनट और 6 सैकंड पर होगी। यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। यह केवल न्यूजीलैण्ड, पूर्वी मलानेशिया, दक्षिणी पोलिनेशिया व पश्चिमी अंटार्कटिका में दृश्य होगा।